लक्ष्य रखा गया था ; यह लक्ष्य कहां तक पूरा किया गया और इस संबंध में राजस्थान की स्थिति क्या रही ;

(ख) देश के लिए कितना लक्ष्य निश्चित किया गया है; अब तक वास्तव में इस लक्ष्य को कहां तक पूरा किया गया है ; इस संबंध में इस वर्ष की राजस्थान की स्थिति क्या है और इस वर्ष लक्ष्य को पूरा करने के क्या-क्या विशेष प्रयत्न किए गए हैं ;

(ग) पिछले तीन सालों में परिवार नियोजन संबंधी आपरेशनों के दौरान मरने वाले पुरुषों और महिलाओं की कुल संख्या कितनी है और यह संख्या आपरेशन किए गए कुल व्यक्तियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ;

(घ) क्या इन व्यक्तियों का आपरेशन करने वाले डाक्टरों को दंडित किया गया है और इस बारे में राजस्थान के संबंध में भी ब्यौरा दिया जाए ; और

(ङ) इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम):** (क) से (ङ) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का गठन**

**55. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (दिल्ली) की टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का गठन कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके सदस्यों के नाम क्या हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो इसका गठन कब तक किया जाएगा; और

(घ) दिल्ली टेलीफोन परामर्शदात्री समिति के सदस्यों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं ?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री गिरिधर गोमांगो) :** (ग) दिल्ली टेलीफोन सलाहकार समिति का कार्यकाल 30-6-89 को समाप्त हो गया है । इसके पुनर्गठन पर कार्रवाही की जा रही है ।

(घ) समिति के सदस्य निम्नलिखित के पात्र होते हैं :—

**(I)** अपने कार्यकाल के दौरान 1200 त्रिमासिक निशुल्क कालों सहित एक सर्विस टेलीफोन कनेक्शन ।

**(II)** समिति की बैठक में भाग लेने के लिए वास्तविक यात्रा शुल्क जो 50/- रुपय से अधिक नहीं होगा ।

Development of a device to Fight Mosquito menace

56. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a device, based on electro-mechanical principles, has been developed to fight mosquito menace by an in vention of Rock Amedee Env. Re search Centre, Bangalore, as re ported in the Indian Express dated the 29th June, 1989;-

(b) if so, what are the salient features of this method and in what manner it works on mosquitoes and what is its commercial viability; and

(c) whether Government would encourage further research in the device and approve it for wider public use ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH